शिक्षा विभाग
प्राथमिक शिक्षा निदेशालय
बिहार, पटना

प्रेस विज्ञप्ति
(25.01.2024)

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा बिहार सरकार पटना के द्वारा आज दिनांक 25 जनवरी 2024 को सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्राईवेट विद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से RTE 12(1) (c) से संबंधित ज्ञानदीप पोर्टल की समीक्षा की गई। ज्ञानदीप पोर्टल पर प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा कमजोर वर्ग एवं अलाभकारी समूह के 25% बच्चों का नामांकन कर प्रतिपूर्ति की राशि दी जानी है। इस समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय 31 जनवरी 2024 तक बच्चों की इन्ट्री कर प्रखंड स्तर पर Forward करें, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी 09 फरवरी 2024 तक बच्चों की इन्ट्री जाँच कर जिला स्तर पर Forward करें एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी 17 फरवरी 2024 तक प्रखंड द्वारा दी गयी बच्चों की सूची जाँच करना सुनिश्चित करें।